(b) if so, the details thereof ;

(c) whether any action has been taken on the letter , and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (ISPAT AUR KHAN MANTRALAYA MEN RAJYA MANTRI) (a) to (d) Recently, some letters have been received from Members of Parliament regarding the interpretation of a clause, relating to dearness allowance, in the agreement between the management and workers of Heavy Engineering Corporation, concluded in 1969 This issue has since been satisfactorily resolved in negotiations between the management and representatives of the workers

बिहार में अकालग्रस्त तथा अभावग्रस्त क्षेत्र

524. **श्री रामावतार शास्त्री** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बिहार सरकार ने कुछ क्षेत्रों को अकाल ग्रस्त क्षेत्र तथा कुछ क्षेत्रों को अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था ,

(ख) यदि हाँ, तो उनका पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है ,

(ग) क्या बिहार सरकार ने राहत कार्यों के लिये केन्द्र सरकार से सहायता माँगी है ; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्सबन्धी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) (क) जी हाँ ।

(ख)	जिलो की सख्या	खंडो की सख्या	क्षेत्र (वर्ग कि० मी०	जनसंख्या (लाखो मे)
(1) बिहार सरकार द्वारा घोषित अकाल से प्रभावित क्षेत्र	8	20	6400 0	18.00
(2) बिहार सरकार द्वारा घोषित कमी से प्रभावित क्षेत्र ।	12	100	24000 0	94 00

(ग) जी हा ।

(घ) राज्य सरकार ने 12 35 करोड़ रुपये के परिव्यय की एक योजना बनाई है और भारत सरकार से 3 करोड़ रुपये की तदर्थ वित्तीय सहायता मांगी है । निर्धारित कार्य अवधि के अनुसार स्थल पर ही स्थिति का जायजा लेने के लिए योजना आयोग के अधीन अधिकारियो का एक केन्द्रीय दल गठित किया जा रहा है । दल की रिपोर्ट प्राप्त होने पर केन्द्रीय सहायता सम्बन्धी राज्य सरकार के अनुरोध पर निर्णय लिया जाएगा । दल के शीघ्र ही राज्य से दौरे पर जाने की आशा है और इसकी सूचना राज्य सरकार को भी दे दी गई है ।

अप्रैल, 1971 में वर्षा के कारण रबी की फसल को हुई हानि

525. **श्री रामावतार शास्त्री** . क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या अप्रैल, 1971 मे हुई, असमय वर्षा के कारण देश के विभिन्न भागो मे रबी की फसल को बहुत क्षति पहुँची है ।

(ख) यदि हा, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ;